Girls' High School & College ,Prayagraj

Worksheet no. – 02

Session – 2020-2021

Class – 7th A,B,C,D,E,F

Subject – Hindi Language

निर्देश – अभिभावकों से निवेदन है कि दिए गये अभ्यास कार्य को किसी भी व्याकरण पुस्तक द्वारा पूर्ण करने में छात्राओं की सहायता करें |

पाठ – शब्द - विचार

वर्ण या वर्णों का समूह जिसका अपना अर्थ होता है उसे शब्द कहा जाता है | शब्दों का वर्गीकरण चार आधार पर किया जाता है –

1. उत्पत्ति के आधार पर
2. रचना के आधार पर
3. प्रयोग के आधार पर
4. अर्थ के आधार पर

1. उत्पत्ति के आधार पर शब्द - भेद :- हिंदी भाषा में शब्दों की उत्पत्ति चार प्रकार से हुई है । इस आधार पर शब्दों को चार भागों में बाँटा गया है -

(क) तत्सम शब्द - जो शब्द संस्कृत भाषा से बिना किसी परिवर्तन के हिंदी भाषा में आ गये हैं , उन्हें 'तत्सम शब्द'कहा जाता है |

जैसे – वायु , कर्म , अग्नि , वानर आदि |

(ख) तद्भव शब्द– संस्कृत भाषा के ऐसे शब्द , जो कुछ रूप परिवर्तन करके हिंदी में प्रयोग किये जाते हैं , 'तद्भव शब्द' कहलाते हैं |

जैसे – भाई , घर , साँप , दूध आदि |

(ग) देशज शब्द - जो शब्द लोक भाषाओं से विकसित हुए हैं तथा क्षेत्रीय प्रभाव से हिंदी में आए हैं , ऐसे शब्दों को 'देशज शब्द' कहते हैं |

जैसे – थैला , गाड़ी , खटखटाना , पेट , फावड़ा , लोटा , चिड़िया , रोटी आदि |

(घ) विदेशी शब्द – भारत में समय – समय पर विदेशी लोगों से हमारे व्यापारिक सम्बन्ध भी रहे हैं , हमने अनेक विदेशी शब्दों को अपनाया है । अब ये शब्द हमारी हिंदी में प्रयोग होते हैं | इन्हें 'विदेशी शब्द' कहते हैं |

जैसे –

	अंग्रेज़ी	अरबी	फ़ारसी	तुर्की
1).	पेट्रोल	हमला	सौदागर	कुली
2).	बस	दुकान	सरकार	उर्दू
3).	क्लास	गरीब	शादी	साबुन

2. रचना के आधार पर शब्दों के भेद :- रचना या बनावट के आधार पर शब्द तीन प्रकार के होते हैं –

(क) रूढ़ शब्द – जो शब्द किसी विशेष अर्थ के लिए रूढ़ या प्रसिद्ध हो जाते हैं , वे 'रूढ़ शब्द' कहलाते हैं |

जैसे – पुस्तक , गाड़ी , सोना , पेड़ , बल आदि |

(ख) यौगिक शब्द – वे शब्द जो दो या दो से अधिक स्वतंत्र शब्दों के मेल से बनते हैं , उन्हें 'यौगिक शब्द' कहा जाता है |

जैसे – रसोईघर , कार्यालय , प्रधानमंत्री , देशभक्ति आदि |

(ग) योगरूढ़ शब्द– जिस यौगिक शब्द से किसी विशेष अर्थ का बोध होता है, उसे 'योगरूढ़ शब्द' कहते हैं |

जैसे – हिमालय (विशेष पर्वत के लिए)

नीलकंठ (शिव के लिए)

पंकज (कमल के लिए)

3. प्रयोग के आधार पर शब्द के भेद :– प्रयोग के आधार पर शब्द के दो भेद हैं –

(क) विकारी शब्द – विकारी शब्दों के रूप में लिंग , वचन , कारक तथा काल के प्रभाव से अपना रूप बदल देते हैं,

'विकारी शब्द' कहलाते हैं |

जैसे - लड़का (लिंग परिवर्तन) – लड़की

लड़का (वचन परिवर्तन) – लड़के

लड़के (कारक प्रयोग) - लड़कों के लिए

(ख) अविकारी शब्द – ऐसे शब्द जिनको वाक्यों में प्रयोग करने पर लिंग , वचन और कारक के कारण कोई परिवर्तन नही आता है , वे 'अविकारी शब्द' कहलाते हैं |

जैसे – बूढ़ा धीरे – धीरे चलता है | (धीरे - धीरे अविकारी शब्द है ।)

4. अर्थ के आधार पर शब्द के भेद :– अर्थ के आधार पर शब्द के चार भेद होते हैं –

(क) एकार्थी शब्द – जिन शब्दों का केवल एक ही अर्थ होता है , उन्हें 'एकार्थी शब्द' कहा जाता है |

जैसे – पुस्तक , दिल्ली , नमस्ते आदि |

(ख) अनेकार्थी शब्द – ऐसे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं , उन्हें 'अनेकार्थी शब्द' कहा जाता है |

जैसे - नव , पत्र , वर्ण , तृण आदि |

(ग) पर्यायवाची शब्द - समान अर्थ बताने वाले शब्द 'पर्यायवाची शब्द' कहलाते हैं |

जैसे – 1). कमल – जलज , पंकज , नीरज

2).अश्व – घोड़ा , तुरंग , बाजि

3). घमंड – गर्व , अहंकार , अभिमान

(घ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द – जिन शब्दों का प्रयोग अनेक शब्दों के स्थान पर किया जाता है , वे 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' कहलाते हैं |

जैसे – 1). जो छिपाने योग्य हो – गोपनीय

2). सब कुछ जानने वाला – सर्वज्ञ

3). जिसका अंत न हो – अनंत

(ङ) विपरीतार्थक शब्द – वे शब्द जो एक दूसरे का विपरीत या उल्टा अर्थ देते हैं , उन्हें 'विपरीतार्थक शब्द' कहते हैं |

जैसे - 1). अमीर – गरीब

2). सुबह – शाम

3). हर्ष – शोक

(च) समरूपी भिन्नार्थक शब्द –जो शब्द सुनने में एक जैसे लगते हैं ; परन्तु उनका अर्थ अलग – अलग होता है तथा इनकी वर्तनी में भी सूक्ष्म अंतर होता है ; इन्हें 'समरूपी भिन्नार्थक शब्द' कहते हैं |

जैसे –1). अपकार – बुरा करना 2). निधन – मृत्यु

उपकार – भला करना निर्धन – गरीब

3). सूर – अंधा

शूर – वीर

प्रश्न(1)- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :-

(क)- शब्दों का वर्गीकरण किन आधारों पर किया जाता है ?

(ख)- बनावट के आधार पर शब्दों के कितने भेद हैं ? प्रत्येक का नाम लिखिए |

(ग)- यौगिक और योगरूढ़ शब्द में अंतर स्पष्ट कीजिये |

(घ)- विकारी शब्द की परिभाषा लिखिए |

(ङ)- समरूपी भिन्नार्थक शब्द से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न(2)- निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -

1). विदेशी मूल के शब्दों को _________ कहते हैं |

2). "आँख" का तत्सम रूप ___________ होता है |

3). एक ही अर्थ वाले शब्द __________ कहलाते हैं |

प्रश्न(3)- निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए ---

1.कपाट 4. पुत्र

2.दंड 5. रात्रि

3.कर्म 6. अग्नि

प्रश्न(4)- निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची लिखिए –

1. चन्द्रमा 2. पृथ्वी

प्रश्न(5)- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

1. निश्चय 2. अमृत 3. सत्य

प्रश्न(6)- निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –

1. अपना उल्लू सीधा करना 2. अंधेरे घर का उजाला

प्रश्न(7)- श्रुतिसम (समरूपी) भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए –

1. गृह – ग्रह 2. धरा – धारा

प्रश्न(8)- दिए गए अनेकार्थी शब्दों के दो - दो अर्थ लिखिए - 1. कनक 2. काल

प्रश्न(9)- दिए गए वाक्यांशों के लिए एक - एक शब्द लिखिए - 1. ईश्वर पर विश्वास न रखने वाला

2. जिसका आकार न हो

प्रश्न(10)- निम्नलिखित विषय पर निबन्ध लिखिए - प्रदूषण : कारण और निवारण ।

END